आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 31.03.2025
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- देहरादून में कुट्टू आटे के सेवन से हुई फूड प्वाइजनिंग के कारण कई लोग जिला अस्पताल में भर्ती। मुख्यमंत्री ने कहा– मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन आधार आधारित पंजीकरण का आंकड़ा 10 लाख के पार।
- चंपावत जिले के लोहाघाट में बनेगा प्रदेश का पहला गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज, शासनादेश जारी।
- भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड, 29 और 30 अप्रैल को देहरादून के जसवंत ग्राउंड में सूर्या 'ड्रोन' टेक 2025 का आयोजन करेगी।

<u>स्वास्थ्य चेतावनी</u>

देहरादून पुलिस ने हाल ही में कुट्टू आटे के सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण चेतावनी जारी की है। नवरात्रि के दौरान कई लोग इस आटे का सेवन करने के बाद बीमार पड़ गए हैं, जिसके बाद पुलिस ने उपभोक्ताओं से आटे का सेवन न करने की अपील की है। पुलिस द्वारा की गई जांच में पाया गया कि कुट्टू आटा कई दुकानों और गोदामों से खरीदा गया था। पुलिस ने आटे को जब्त कर लिया है। पुलिस ने परामर्श जारी किया है कि जिन लोगों ने विकासनगर, पटेलनगर या कोतवाली क्षेत्र से कुट्टू का आटा खरीदा है, वे इसका तब तक सेवन न करें, जब तक प्रमाणिकता की जांच नहीं हो जाती। पुलिस ने कहा कि यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

<u>फूड पॉइजनिंग भर्ती मरीज स्वास्थ्य जानकारी</u>

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने कॉरोनेशन अस्पताल पहुंचकर फूड पॉइजनिंग के कारण भर्ती मरीजों का हाल जाना। मुख्यमंत्री ने बताया कि जांच में पता चला है कि यह आटा सहारनपुर से सप्लाई किया गया था। डीलर की दुकान को सील कर दिया गया है। जिन अन्य जगहों पर आटा सप्लाई किया गया था, उन सभी को नोटिस दिया गया है। सहारनपुर प्रशासन को इस बारे में सूचित कर दिया है। श्री धामी ने कहा कि इस मामले में जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<u>चारधाम यात्रा पंजीकरण</u>

चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन आधार आधारित पंजीकरण का आंकड़ा 10 लाख पार हो चुका है। केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 3 लाख 29 हजार तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया हैं।

पर्यटन विभाग ने 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए 20 मार्च से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया था और 10 दिनों में अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार बदरीनाथ धाम के लिए 3 लाख दो हजार से अधिक, गंगोत्री के लिए लगभग एक लाख पचासी हजार और और यमुनोत्री धाम की यात्रा के लिए 1 लाख उनासी हजार से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी

कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर स्थित प्रबंधन अध्ययन विभाग में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सहयोग से 'निवेश जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता सेबी उत्तर भारत के क्षेत्रीय निदेशक अमित प्रधान ने कहा कि एक जागरूक निवेशक ही सुरक्षित निवेशक होता है। उन्होंने कहा कि भारत का वित्तीय बाजार तेजी से विकसित हो रहा है और युवाओं के लिए इसमें अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पूंजी बाजार की बारीकियों को समझने और दीर्घकालिक निवेश की रणनीति अपनाने का परामर्श दिया। श्री प्रधान ने बताया कि सेबी द्वारा वित्तीय जागरूकता अभियान के माध्यम से लाखों निवेशकों को शिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे धोखाधड़ी और अनियमितताओं से बच सकें।

## सूर्या ड्रोन टेक 2025

भारतीय सेना का सेंट्रल कमांड, भारतीय रक्षा उत्पादक समाज के सहयोग से 29 और 30 अप्रैल 2025 को देहरादून कैंट के जसवंत ग्राउंड में सूर्या 'ड्रोन' टेक 2025 का आयोजन करेगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ड्रोन प्रौद्योगिकियों में नवाचार, सहयोग और ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देना है। इसमें विभिन्न ड्रोन प्रणालियों का मूल्यांकन और तुलना करने का अवसर मिलेगा, जिसमें उनकी रात में उड़ने की क्षमता और थर्मल इमेजिंग तकनीक शामिल हैं। कार्यक्रम में उत्पाद सुधार, उपयुक्त उपकरणों की पहचान और स्वदेशीकरण प्रयासों के लिए सिफारिशें दी जाएंगी। सूर्या 'ड्रोन' टेक 2025, इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों के छात्रों, एनसीसी, पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य सरकारी संगठनों के लिए भी खुला रहेगा। सभी भारतीय ड्रोन और बिना मानव ऑपरेशन वाले स्वचालित प्रणालियों के निर्माता इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

## गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज

चंपावत जिले के लोहाघाट में बनने वाले प्रदेश के पहले गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि नवरात्रि पर प्रदेशभर की बालिका खिलाड़ियों के लिए प्रदेश सरकार का यह एक उपहार है। उन्होंने कहा कि गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज का संचालन शुरू होने के बाद प्रदेश की बालिकाओं को पढ़ाई के साथ–साथ अपने खेल कौशल को संवारने में मदद मिलेगी।

श्रीमती आर्या ने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बाद खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार का यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्पोर्ट्स साइंस तकनीकों के साथ निश्चित रूप से प्रदेश की बालिका खिलाड़ियों का प्रदर्शन आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय फलक पर सुधरेगा और उत्तराखंड की बालिकांए देवभूमि को खेल भूमि बनाने में अपना अहम योगदान दे सकेंगी।

बहुउद्देशीय शिविर

उत्तराखंड सरकार ने अपने तीन वर्षों की सफलता को मनाने के लिए "सेवा, सुशासन और विकास" कार्यक्रम के तहत राज्यभर में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों ने जनता और सरकार के बीच की दूरी को कम करते हुए सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आयोजित इस पहल ने नागरिकों से जबरदस्त समर्थन मिला। एक रिपोर्ट–

22 मार्च से 25 मार्च तक जिला मुख्यालयों और 24 मार्च से 30 मार्च तक विधानसभा तथा ब्लॉक स्तर पर आयोजित इन शिविरों में प्रदेश के सभी 13 जिलों के नागरिकों ने भाग लिया। इन शिविरों में हजारों नागरिकों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया, जिससे यह साबित हुआ कि सरकार की नीतियां प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं।

स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में इन शिविरों ने नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां, आयुष्मान भारत योजना, छात्रवृत्तियां, पाठ्य पुस्तकें, डिजिटल शिक्षा उपकरण, और स्वरोजगार योजनाओं के तहत युवाओं और महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई। किसानों को भी कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया।

शिविरों के सफल आयोजन के बाद जनता ने सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि अब योजनाओं का लाभ पाना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। लाभार्थियों ने कहा कि सरकारी योजनाएं अब सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीन पर लागू हो रही हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आया है।

इस बीच, इन बहुउद्देशीय शिविरों की इस सफलता को देखते हुए सरकार भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की योजना बना रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

ईद–उल–फितर

ईद–उल–फितर का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईद को रमजान के महीने की समाप्ति का प्रतीक भी माना जाता है। देश की सभी प्रमुख मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की जा रही है।

ईद का त्योहार रमज़ान के महीने के उपवास के समापन का प्रतीक है। आज राजधानी देहरादून में लोग ईद की विशेष नमाज़ के लिए मस्जिदों में एकत्र हुए। इसके बाद लोगों ने एक–दूसरे को बधाई दी।

राष्ट्रपति और उप–राष्ट्रपति ने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग, अपने साप्ताहिक फोन–इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में, आज रात साढे नौ बजे ''पोषण अभियान से कुपोषण का निवारण'' विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। परिचर्चा में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय वर्मा और एम्स की आहार विशेषज्ञ डॉक्टर ऋचा जायसवाल शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान श्रोता विशेषज्ञों से प्रश्न पूछ सकते हैं। नंबर है– 0 1 1 – 2 3 4 2– 1 0 5 0 और 0 1 1 – 2 3 3 1– 4 4 4 4.